# ज्येष्ठ माह के शनिवार को बजरंगबली का हुआ विशेष श्रृंगार, लगा भंडारा





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शनिवार का दिन भी भगवान बजरंगबली के नाम होता है इस दिन भी पवनसुत हनुमान की विधि विधान से पूजा अर्चना की जाती है। ज्येष्ठ माह के शनिवार पर आज भी राजधानी लखनऊ के सभी हनुमान मंदिरों में आस्था नजर आया। हर कोई पवनसुत के दर्शन के लिए आतुर दिखायी दिया। भीषण गर्मी के दौरान आस्था की परीक्षा रही। शनिवार की भोर में मंदिरों के कपाट खुलते ही दर्शन-पूजन की आस लिए भक्तों की कतार लगनी शुरू हो गई तो शहर के मुख्य बाजारों, गली-चौराहों पर दिनभर भंडारे चले। वहीं हनुमान सेतु मंदिर में बजरंगबली का विशेष श्रृंगार किया गया।

पक्कापुल स्थित लेटे हुए हनुमान मंदिर, पक्कापुल स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, कानपुर रोड एलडीए कालोनी स्थित नागेश्वर धाम द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर, कृष्णानगर के इंद्रलोक कॉलोनी स्थित श्री केशरी नंदन जिद्दी हनुमान मंदिर, तुलसी मानस मंदिर, संकट मोचन हनुमान मंदिर समेत कई मंदिरों में भक्तों की कतारें लगी रहीं।

डंडइया स्थित गुलाचीन पंचमुखी हनुमान मंदिर, चौक स्थित छांछीकुंआं मंदिर, हजरतगंज केदक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर, सीतापुर रोड स्थित हाथी वाले बाबा मंदिर के अलावा कल्याण गिरि मंदिर, इंदिरानगर सी-ब्लाक हनुमान मंदिर, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, स्वप्नेश्वर महादेव मंदिर, बीरबल साहनी मार्ग स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, बारा बिरवा स्थित हनुमान मंदिर, मौनी बाबा मंदिर, आशियाना के छुआरेवाले हनुमान मंदिर, महानगर हनुमान मंदिर, गोलागंज के शिव दुर्गा हुनमान मंदिर समेत तमाम मंदिरों में श्रृंगार के बाद दिन भर केसरीनंदन के दर्शनों को भक्त जुटे रहे। अलीगंज के नए हनुमान मंदिर में पहले शनिवार के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे।

शनिवार को पुराने हनुमान मंदिर, छांछी कुंआ हनुमान मंदिर, हनुमान सेतु मंदिर, त्रिलोचन हनुमान मंदिर चारबाग, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर हजरतगंज, पंचमुखी हनुमान मंदिर बीरबल साहनी मार्ग, कल्याण गिरि हनुमान मंदिर, छुआरे वाले हनुमान मंदिर, महानगर हनुमान मंदिर, रकाबगंज हनुमान मंदिर, इंदिरानगर सी ब्लॉक हनुमान मंदिर, हाथी वाले बाबा हनुमान मंदिर सहित अन्य हनुमान मंदिरों में शनिवार पर विशेष व्यवस्था रही। सड़कों और चौराहों पर दिनभर भंडारे चले। भंडारों का आयोजन करने वाली संस्थाएं और लोग शुक्रवार सायंकाल से ही इसकी तैयारी करते नजर आए। भंडारों के स्थान पर छाया की व्यवस्था की गई थी फिर भी भीड़ और गर्मी के चलते लोग परेशान नजर आए। भंडारों में प्रसाद स्वरूप विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का वितरण किया गया। पूड़ी-सब्जी के साथ ही लौकी का कोफ्ता, छोला चावल, कढ़ी, बूंदी-बताशे, शरबत, दूध का वितरण किया गया।

**बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठा परिसर:** श्रद्धालुओं ने कहा कि यहां आने से सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। साथ ही यह भी कहा कि हम सबको बड़े मंगल व शनिवार आने का इंतजार रहता है वहीं हनुमान मंदिर की मान्यता को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता है। भंडारा खाने आये लोगों ने कहा कि भंडारे का प्रसाद खाकर विशेष ऊर्जा मिलती होती है।

लखनऊ विश्वविद्यालय मार्ग स्थित हनुमान सेतु मंदिर में सुबह बजरंगबली की भव्य आरती हुई। जय श्री राम और पवनसुत हनुमान के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। वहीं अलीगंज स्थित पुराना और नया हनुमान मंदिर में बजरंगबली का भव्य श्रृंगार हुआ।

**जगह-जगह बांटा गया प्रसाद:** बड़े बड़े पंडालों में भक्ति गीत बजते हुए प्रसाद बांटा गया। शनिवार के दिन शहर भर में जगह जगह पर भंडारे का आयोजन हुआ। गलियों से लेकर चौराहों तक भंडारों में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शहर के ज्यादातर हिस्सों में भंडारे व प्याऊ लगाये गये। कई व्यंजनों को प्रसाद के रूप में बांटा गया जिसमें पूड़ी सब्जी सबसे प्रमुख रही। राजधानी में लाखों लोगों ने प्रसाद का ग्रहण किया। हजरतगंज, गोमती नगर, अलीगंज, पुराना लखनऊ, चारबाग हुसैनगंज व शहर के प्रमुख इलाकों समेत हर जगह पर भक्तों ने भंडारे का आयोजन किया।

**श्री दुर्गा जी मंदिर में सुंदरकांड पाठ संग भंडारा:** आज ज्येष्ठ मास के शनिवार को श्री दुर्गा जी मंदिर शास्त्री नगर द्वारा परिवर्तन चौक पर एक विशाल भंडारे का आयोजन सुंदरकांड के पाठ के साथ आरम्भ किया गया। चौक से संजय अग्रवाल ने भंडारे की व्यवस्था का संचालन किया। इस अवसर पर पवन अग्रवाल, तारा चंद, अस्थाना आदि अनेक समाज सेवी मौजूद रहे।

लखनऊ में ज्येष्ठ मास में प्रत्येक मंगल को भंडारा और मेले का आयोजन सेंकड़ो वर्षों से होता रहा है, अब मंगलवार के साथ शनिवार को भी इसका आयोजन होने लगा है। इसका आरंभ अलीगंज वाले हनुमान मंदिर में लखनऊ के एक नवाब ने प्रारंभ किया था। इसलिए इन भंडारों को हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक भी माना जाता रहा है। इसमें हनुमान चालीसा, सुंदर कांड, शरबत और पूड़ी सब्जी इत्यादि का संगम रहता है। एक अनुमान के अनुसार इस मास में पाँच हजार से अधिक भंडारे केवल लखनऊ में लगाये जाते हैं। एक एक रोड पर दस दस भंडारे चलते हैं। ये सब हनुमान जी की कृपा का प्रसाद माना जाता है।

**श्री श्याम मंदिर में बांटा आइसक्रीम, पेड़ा, पूड़ी-सब्जी:** बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री श्याम मन्दिर में श्री श्याम कृपा भंडारा जो कि पूरे ज्येष्ठ माह आयोजित किया जा रहा हैं उसमें कार्यक्रम संयोजक दिनेश मेघदूत अग्रवाल, पूनम अग्रवाल में श्री हनुमान जी पूजन करने के उपरांत भक्तों को पुड़ी, सब्जी, आइस्क्रीम एवं पेड़ा प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने बताया कि भंडारा प्रसाद प्रतिदिन सायं 5 बजे से 10 तक चलता हैं हर दिन विशेष प्रसाद का भोग वितरित किया जाता हैं। वहीं कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि बुधवार को वीरेंद्र गर्ग, स्वदित गर्ग, गुरुवार को मनोज अग्रवाल, शुक्रवार को संजय अग्रवाल, शनिवार को संजय अग्रवाप पप्पू, रविवार को संजीव अग्रवाल द्वारा श्री श्याम कृपा भंडारा प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## ओम साईं राम सेवा समिति ने कराया विशाल भंडारा



**लखनऊ।** ओम साईं राम सेवा समिति के तत्वावधान में पारा क्षेत्र में विशाल भंडारे एवं सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, सामाजिक कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता की तथा प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरूआत विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके बाद भक्तिमय वातावरण में सुंदरकांड पाठ संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम और हनुमान जी का स्मरण करते हुए क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। सुंदरकांड पाठ के दौरान पूरा वातावरण भक्ति रस में डूबा नजर आया। इस अवसर पर आलमनगर वार्ड के पूर्व पार्षद नागेंद्र सिंह ने उपस्थित होकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज में भाईचारा, सद्भाव और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने समिति के पदाधिकारियों और कार्यकताओं को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। भंडारे में पूड़ी, सब्जी, मिठाई सहित विभिन्न प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी और देर शाम तक प्रसाद वितरण जारी रहा। समिति के स्वयंसेवकों ने सुव्यवस्थित ढंग से व्यवस्था संभाली। समिति के अध्यक्ष राकेश दीक्षित ने बताया कि संस्था भविष्य में भी धार्मिक, सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी। उन्होंने समाज में सेवा और आध्यात्मिक चेतना के प्रसार को संस्था का मुख्य उद्देश्य बताया।

## शिव सरस्वती मंदिर में सुंदरकांड पाठ के साथ भक्तों ने चखा प्रसाद

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शिव सरस्वती मंदिर सेवा समिति द्वारा ज्येष्ठ माह के शुभ अवसर पर आज एक विशाल भंडारे एवं संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन मंदिर समिति द्वारा मंदिर प्रांगण में सुबह 9:30 बजे से सुंदरकांड पंडित विशाल शास्त्री की टीम के द्वारा किया गया।

उसके उपरांत दोपहर 12.30 बजरंगबली का भोग लगाकर भंडारे का आयोजन किया जिसमें भक्तों ने बड़ी ही श्रद्धा भाव के साथ पूरी सब्जी कढ़ी चावल एवं बूंदी का प्रसाद ग्रहण किया मंदिर समिति के अध्यक्ष जितेंद्र निगम जी द्वारा बताया गया कि मंदिर के सभी सदस्य एवं क्षेत्र वासियों के सहयोग से हर वर्ष इस भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमें सभी लोग अपनी श्रद्धा भाव से भंडारे में सामग्री उपलब्ध कराते हैं सभी के सहयोग से इस भंडारे को आगे भी सुचारू रूप से संपन्न कराया जाता रहेगा जिसमें अंजनी श्रीवास्तव जी उपविजेता 171 पश्चिम विधानसभा श्री विनोद यादव जी पार्षद हैदर हैदरगंज तृतीय वार्ड रविंद्र निगम एडवोकेट संरक्षक की गरिमामय उपस्थित एवं तीर्थराज यादव अभिषेक मिश्रा अनुराग दीक्षित जितेंद्र शुक्ला शिवम पोरवाल सचिन देवल देवेश अवस्थी आशीष श्रीवास्तव धैर्य मिश्रा कृष्णा मिश्रा एवं महिलासदस्यों एवं क्षेत्र के सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया।



# लक्ष्मण टीला पर बनेगा लक्ष्मण जी का भव्यतम मंदिर : रामभद्राचार्य

- श्रीराम कथा के छठवें दिन चित्रकूट एवं वनवास प्रसंग का वर्णन
- न्यायालय का सम्मान करते हैं, आवश्यकता हुई तो स्वयं रखेंगे पक्ष

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** पद्मविभूषण तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के छठवें दिवस भगवान श्रीराम के वनवास तथा चित्रकूट प्रवास का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि चित्रकूट केवल एक तीर्थ नहीं, बल्कि रामभक्ति, त्याग, तपस्या और लोकमंगल की पावन भूमि है। भगवान श्रीराम के वनवास काल की अनेक महत्वपूर्ण घटनाओं का साक्षी चित्रकूट भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का प्रमुख केंद्र है।

सीतापुर रोड स्थित बृज की रसोई परिसर में चल रही श्रीराम कथा में रामभद्राचार्य ने एकश्लोकी रामायण को अशुद्ध बताते हुए कहा कि यह धारणा सही नहीं है कि किसी प्रचलित एक श्लोक में संपूर्ण रामायण समाहित है। उन्होंने कहा कि हनुमान जी के आग्रह पर कि ऐसा एक श्लोक लिखा जाए जिसमें संपूर्ण रामकथा का सार आ जाए, गोस्वामी तुलसीदास ने अयोध्याकाण्ड के तृतीय मंगलाचरण नीलाम्बुजश्यामलकोमलांगम्- की रचना की थी। उन्होंने इस श्लोक की विस्तृत व्याख्या करते हुए कहा कि इसमें संपूर्ण रामकथा का सार तत्व निहित है। कथा के दौरान रामभद्राचार्य ने पुनः संकल्प दोहराया कि लखनऊ के लक्ष्मण टीला पर भगवान लक्ष्मण का भव्यतम मंदिर बनकर रहेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि न्यायालय का फैसला हिंदुओं के पक्ष में आएगा और लक्ष्मण जी का भव्य मंदिर निर्माण अवश्य होगा। उन्होंने कहा कि हम न्यायालय का सम्मान करते हैं। लक्ष्मण टीला प्रकरण में यदि न्यायालय चाहेगा तो मैं स्वयं उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा कि लखनऊ वस्तुतः लक्ष्मण नगरी है। प्रातःकाल गोमती तट पर लक्ष्मण जी का सान्निध्य आज भी अनुभव किया जा सकता है।

इस अवसर पर उन्होंने जाग रहा गोमती तट उर्मिला बिहारी भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर नैमिषारण्य स्थित नारदानंद आश्रम के पीठाधीश्वर जगदाचार्य स्वामी उपेन्द्रानंद सरस्वती, राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, पूर्व सांसद अशोक बाजपेयी, विधायक डा. नीरज बोरा, हास्य कवि सर्वेश अस्थाना, समाजसेविका बिन्दू बोरा, वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीरामजी दास, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र त्रिपाठी सहित अनेक श्रद्धालुओं ने गुरुपाद पूजन कर व्यासपीठ का आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा के उपरांत विपिन मिश्रा, ऊषा जोतवानी, आरआर समूह के अनिल अग्रवाल, रामेश्वर समूह के सुरेन्द्र शुक्ला, उत्सव के महामंत्री राकेश पाण्डेय, रवि तिवारी, सौरव बन्दोपाध्याय, कमलेश्वर सोनी, शिवम श्रीवास्तव, सतीश वर्मा, विभिन्न वार्डों के पार्षद, मण्डल अध्यक्षगण तथा अन्य श्रद्धालुओं ने आरती में सहभागिता की। श्रीश्याम परिवार, राधेलाल स्वीट्स, शशिकांत शर्मा और आशीष गुप्ता की ओर से हजारों श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित हुआ। कथारंभ के पूर्व तुलसीपीठ के आचार्य रामचंद्र दास ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। उन्होंने प्रस्तावित गुरुकुलम्- की रूपरेखा रखते हुए श्रद्धालुओं से सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गुरुकुलम्-भारतीय संस्कृति, संस्कृत भाषा और सनातन मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। मीडिया प्रभारी डा. एस.के.गोपाल ने बताया कि रविवार को श्रीराम कथा के सप्तम दिवस उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सम्मिलित होने की संभावना है। कथा सायं 5 बजे से आरंभ होगी। कथा स्थल पर श्रीश्याम परिवार, मारवाड़ी युवा मंच, एकल अभियान, श्याम प्रेमी संघ ट्रस्ट, उत्सव, बोरा फाउण्डेशन, इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन सहित विभिन्न संस्थाओं के स्वयंसेवकों ने व्यवस्थाओं का संचालन संभाला।

# ब्लू स्टार ऑपरेशन में शहीद हुए निर्दोष सिखों की याद में अरदास

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शनिवार को श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा नाका हिंडोला लखनऊ में अरदास एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजन किया गया प्रातः काल सुबह से ही गुरुद्वारा हाल में रागी जथा भाई गुरमुख सिंह ने श्री गुरु नानक देव द्वारा उच्चरित पवित्र वाणी आसा दी वार का शबद कीर्तन गायन किया।

मुख्य ग्रंथी ज्ञानी विनोद सिंह जी ने गुरमत विचार संगतो के साथ सांझा किया, और उस समय के इतिहास और हालात के बारे में संगतो को जानकारी दी तथा सभी से यह अनुरोध किया यदि कोई पीड़ित परिवार के लोग हमारे आस-पास रहते हो तो हम उनकी यथासंभव मदद करें। महामंत्री सरदार मनमीत सिंह ने बताया कि 1984 में देश के अनेक शहरों में सिख विरोधी दंगों में या यूं कहें की नरसंहार में शहीद हुए हजारों निर्दोष सिखों की याद में उनको श्रद्धांजलि देने के लिए और उनके परिवारों की सुख शांति और चढ़दी कला के लिए गुरुद्वारा साहिब में श्रद्धांजलि और अरदास का कार्यक्रम आयोजन किया गया। गुरुद्वारा अध्यक्ष सरदार अमरजोत सिंह जी एवं कार्यालय सचिव सरदार दलजीत सिंह ने शहीद हुए निर्दोष सिखों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि निर्दोष सिक्खों के कातिलों को अभी तक सजा न मिलाना यह बहुत बड़े अफसोस की बात है, कतले आम के इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक किसी भी दंगाइयों को फांसी नहीं हुई है। यह बहुत ही दुखद है हम सब यह सरकार से मांग करते हैं कि दंगाइयों को जल्द से जल्द कड़े से कड़ा दंड दिया जाए, और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाया जाए प्रत्येक पीड़ित परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाए ताकि वह अपने परिवार को भरण पोषण में सहायता कर सके। कार्यक्रम के अंत में दरबार हाल में उपस्थित सभी लोगों ने मुख्य ग्रंथी ज्ञानी विनोद सिंह जी के साथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के चरणों में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए और उनके परिवारों को न्याय दिलाने तथा उनके बेहतर जीवन के लिए श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के चरणों में अरदास की। इस अवसर पर स. हरमिंदर सिंह (टीटू) स. सरबजीत सिंह, स.-आज्ञा पाल सिंह, स. जसपाल सिंह, स. दविंदर पाल सिंह, स. राजेंद्र सिंह (पप्पू) स. गुरदीप सिंह भाटिया, स. अमनप्रीत सिंह, स. जसविंदर सिंह भाटिया, स. रनजीत सिंह, विशेष रूप से शामिल हुए।

# अधिमास का कालाष्टमी व्रत कल, होगी कालभैरव की पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हिंदू धर्म में कालाष्टमी भगवान शिव के उग्र एवं रक्षक स्वरूप काल भैरव को समर्पित मानी जाती है। प्रत्येक माह कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को कालाष्टमी व्रत रखा जाता है, लेकिन जब यह व्रत अधिक मास (पुरुषोत्तम मास) में आता है तो इसका महत्व कई गुना बढ़ जाता है।

मान्यता है कि इस दिन विधिपूर्वक व्रत, पूजा और काल भैरव जी का स्मरण करने से जीवन की बाधाएं, भय, नकारात्मक शक्तियां और कष्ट दूर होते हैं। अष्टमी तिथि का प्रारंभः 8 जून 2026, सोमवार को सुबह 03:24 बजे अष्टमी तिथि की समाप्तिः 9 जून 2026, मंगलवार को सुबह 03:23 बजे, ऐसे में अधिक कालाष्टमी का व्रत 8 जून को रखा जाएगा।

**कालाष्टमी व्रत का शुभ मुहूर्त :** शास्त्रों में कालाष्टमी व्रत की पूजा प्रदोष काल में बताई गई है। ऐसे में इस दिन प्रदोष काल शाम 6 बजकर 30 मिनट से शुरू हो रहा है और शाम को 7 बजकर 30 मिनट तक रहेगा। इस बीच में हम पूजा- अर्चना कर सकते हैं।

**अधिक मास कालाष्टमी का धार्मिक महत्वः** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार काल भैरव भगवान शिव के ऐसे स्वरूप हैं जो धर्म की रक्षा करते हैं और भक्तों को संकटों से बचाते हैं। अधिक मास की कालाष्टमी पर काल भैरव की पूजा करने से व्यक्ति को शत्रु बाधा, ग्रह दोष, अकाल भय और नकारात्मक प्रभावों से मुक्ति मिलने की मान्यता है। इस दिन व्रत रखने और रात्रि में भैरव मंत्रों का जाप करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। काल भैरव को काल के रक्षक माना गया है। ऐसी मान्यता है कि उनकी पूजा से भक्तों को अकाल मृत्यु से रक्षा मिलती है और जीवन में सुरक्षा व स्थिरता बनी रहती है।

**कालाष्टमी की पूजा विधिः** सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और काल भैरव के सामने व्रत का संकल्प लें। शाम को या रात में घर के मंदिर में या मंदिर जाकर भगवान भैरव की फोटो/मूर्ति को स्थापित करें। उन्हें गंगाजल, दूध, दही, शहद और घी से अभिषेक कराएं। कुंकुम, चंदन, काले तिल, फूल, और इमरती या जलेबी का भोग लगाएं। सरसों के तेल का दीपक जलाएं। भैरव चालीसा का पाठ करें और अंत में आरती उतारें, और प्रसाद ग्रहण करें।

# सनातन धर्म और वैदिक संस्कृति के समन्वय से ही विश्वगुरु बनेगा भारत

- अखिल भारतीय संस्कृत परिषद् के विकास के लिए रामभद्राचार्य ने दिए एक लाख रुपये
- सनातन धर्म और भारतीय वैदिक संस्कृति का सामंजस्य विषय पर विशिष्ट व्याख्यान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। पद्मविभूषण जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि सनातन धर्म और भारतीय वैदिक संस्कृति भारत की अक्षुण्ण धरोहर हैं, जिनमें मानव कल्याण, नैतिक मूल्यों और विश्वबंधुत्व की भावना निहित है। नई पीढ़ी को वैदिक परंपराओं और सनातन मूल्यों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। यही सांस्कृतिक सामंजस्य भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने की दिशा में अग्रसर करेगा। इस अवसर पर उन्होंने अखिल भारतीय संस्कृत परिषद के विकास के लिए एक लाख रुपये का योगदान देने की घोषणा की। वहीं लखनऊ उत्तर से विधायक नीरज बोरा ने पुस्तकालय एवं अन्य विकास कार्यों के लिए पांच लाख रुपये देने की घोषणा की। अखिल भारतीय संस्कृत परिषद लखनऊ के तत्वावधान में शनिवार को परिषद सभागार में सनातन धर्म और भारतीय वैदिक संस्कृति का सामंजस्य विषय पर आयोजित विशिष्ट व्याख्यान एवं जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य महाराज के अभिनंदन समारोह में देशभर के विद्वानों, शिक्षाविदों, संस्कृत प्रेमियों और शोधार्थियों ने सहभागिता की। ज्ञानपीठ, पद्मविभूषण सहित अनेक राष्ट्रीय सम्मानों से अलंकृत जगद्गुरु ने कहा कि प्रकृति संरक्षण, सामाजिक समरसता और वैश्विक शांति का संदेश भारतीय संस्कृति की मूल आत्मा है। यदि प्रकृति सुरक्षित रहेगी तो मानव सभ्यता का अस्तित्व भी सुरक्षित रहेगा। उन्होंने भारतवर्ष और भक्ति की व्याख्या करते हुए कहा कि भारत के प्रति समर्पण ही सच्ची भक्ति और भारतीयता का आधार है। जगद्गुरु के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास ने भी अपने विचार रखे। राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर के पूर्व कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य द्वारा रचित भाष्यों की विशिष्टताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। परिषद के मंत्री प्रो. प्रयाग नारायण मिश्र ने संस्था का परिचय प्रस्तुत किया, जबकि अध्यक्ष डॉ. चन्द्रभूषण त्रिपाठी ने अभिनंदन पत्र का वाचन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. अशोक कुमार शतपथी ने किया। वैदिक मंगलाचरण एवं शांति पाठ कुलवंत और उनके साथियों द्वारा प्रस्तुत किया गया।

संक्षेप

## चोरी का ई रिक्शा व तमंचा सहित गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा ई रिक्शा चोरी से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्त को एक अवैध तमंचा 1 जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में चोरी गये माल की बरामदगी व गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में थाना टूण्डला पुलिस टीम नेमुखबिर की सूचना पर थाना टूंडला पर दर्ज ई रिक्शा चोरी से संबंधित प्रकाश में आये अभियुक्त राजा उर्फ गोलू पुत्र आनंद निवासी श्याम नगर थाना लाइनपार जनपद फिरोजाबाद को चोरी किये गये ई रिक्शा व एक तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस सहित बनकट रोड के पास थाना टूण्डला क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।

## हादसे में तीन युवकों की मौत, दो घायल

**मथुरा।** जिले के जमुनापार थाना क्षेत्र में बल्देव रोड पर तेज रफ्तार दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की भिड़ंत में तीन युवकों की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। सदर के पुलिस क्षेत्राधिकारी पीतम पाल सिंह ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार गोपी (18) और छोटू (18) महावन से लौट रहे थे। वहीं, एक बुलेट पर सवार सौरभ (20), पीयूष (19) और दाउदयाल (18) महावन की ओर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार शाम बल्देव रोड पर गोपालपुर के निकट दोनों मोटरसाइकिलें टकरा गईं। टक्कर इतनी भीषण थी कि पांचों युवक सड़क पर गिर गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने गोपी, छोटू और सौरभ को मृत घोषित कर दिया, वहीं पीयूष और दाउदयाल का इलाज जारी है। सीओ ने बताया कि पांचों युवकों में से किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था, जबकि पुलिस लगातार लोगों को हेलमेट पहनने की हिदायत देती है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बांके बिहारी मंदिर के बाहर श्रद्धालु की मौत

**मथुरा।** वृंदावन बांके बिहारी मंदिर में दर्शन करने आए मध्य प्रदेश के एक श्रद्धालु की शनिवार को अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के गुना जिला अंतर्गत बमोरी गांव निवासी भारत सिंह (48 वर्ष) अपनी पत्नी के साथ दर्शन करने पहुंचे थे। मंदिर की गली में भीड़ के दबाव में श्रद्धालु की तबियत बिगड़ने लगी, इसके बाद गेट नंबर 3 के पास पहुंचते ही वह अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। मंदिर में मौजूद ड्यूटी डॉक्टरों ने उनकी हालत देखकर तत्काल इलाज के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के डॉ. विनीत यादव ने बताया कि श्रद्धालु को मृत अवस्था में ही अस्पताल लाया गया था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## चौकी प्रभारी का स्वागत

**मथुरा।** थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली चैकी भरतपुर गेट में नए चैकी प्रभारी के रूप में उपनिरीक्षक राजेंद्र कुमार ने विधिवत कार्यभार संभाल लिया है। उनके चार्ज लेते ही स्थानीय नागरिकों और मीडियाकर्मियों में हर्ष का माहौल देखा गया। विदित रहे कि उपनिरीक्षक राजेंद्र कुमार का स्थानांतरण थाना फरह से हुआ है। फरह क्षेत्र में अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था को बनाए रखने और जनसुनवाई में बेहद सराहनीय कार्य किए थे।

# शीघ्र होगा श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर मंदिर का निर्माण : संत

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन को गीत हुआ समर्पित



**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति की मांग को लेकर बुलंदशहर के श्रीसिद्ध धाम रामघाट से शुरू हुई बाइक यात्रा शनिवार को मथुरा पहुंची। सलेमपुर रोड स्थित केडीएस इंटरनेशनल स्कूल पर यह यात्रा एक विशाल सभा में परिवर्तित हो गई, जहां विभिन्न राज्यों से आए सैकड़ों कृष्ण भक्तों व संतों ने मूल गर्भगृह स्थल पर मंदिर निर्माण का संकल्प दोहराया। इस विशेष अवसर पर छावा म्यूजिक कंपनी द्वारा आंदोलन को समर्पित विशेष गीत श्री कृष्ण जन्मभूमि मेरी शान भी लॉन्च किया गया।

सभा का संचालन करते हुए श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने कहा कि इतनी भीषण गर्मी में भी श्रद्धालुओं का उत्साह इस बात का प्रतीक है कि मंदिर निर्माण होकर रहेगा। उन्होंने जानकारी दी कि आगरा की जामा मस्जिद में दबे भगवान श्रीकृष्ण के विग्रहों को वापस मथुरा लाने के लिए न्यायालय में कानूनी लड़ाई मजबूती से लड़ी जा रही है और इसके पर्याप्त साक्ष्य पेश किए जा चुके हैं। संत स्वामी कांताचार्य महाराज (सिद्ध बाबा धाम) ने आंदोलन को पूर्ण समर्थन देते हुए उन्होंने घोषणा की कि वर्ष 2027 में इससे भी विशाल यात्रा मथुरा लाई जाएगी। स्वामी गोविंदानंद तीर्थ महाराज (अध्यक्ष, सेवा मंगलम) ने हिंदुओं से संगठित होने की अपील करते हुए कहा कि हमें अपनी तालियों को ताकत में बदलना होगा। स्वामी कृष्णानंदजी व डॉ. आदित्यानंद जीरू स्वामी ने कहा कि मूल गर्भगृह पर मंदिर निर्माण ही सभी सनातनियों का एकमात्र लक्ष्य है और इसके लिए अब किसी अतिरिक्त प्रमाण की आवश्यकता नहीं है। इससे पूर्व, छावा म्यूजिक कंपनी के डायरेक्टर दशरथ सिंह राठौड़ और प्रोड्यूसर मनीषा राठौड़ ने आंदोलन का मुख्य गीत यात्रा को समर्पित किया। कलाकार रिमझिम सिंह, सोनल सिंह, विशाल और रोहित ने भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। मथुरा आगमन पर कृष्णापुरी, होली गेट, कंकाली और भूतेश्वर सहित विभिन्न स्थानों पर समाजसेवियों और भक्तों द्वारा साधु-संतों का भव्य स्वागत किया गया। सभा में देश के कोने-कोने से आए हजारों कृष्ण भक्तमौजूद रहे।

## प्रेमी युगल ने लगायी आग, युवती की मौत युवक जिंदगी और मौत के बीच संघर्षरत

**फिरोजाबाद/शिकोहाबाद।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला पड़ाव में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। पुलिस की मौजूदगी के दौरान एक प्रेमी युगल ने कथित रूप से अपने ऊपर मिट्टी का तेल छिड़ककर आग लगा ली। गंभीर रूप से झुलसे दोनों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां युवती की शनिवार सुबह मौत हो गई, जबकि युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना पर एसपी ग्रामीण अनुज चौधरी समेत फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार मोहल्ला पड़ाव निवासी 18 वर्षीय खुशी शर्मा अपनी मां के साथ रहती थी। उसके पिता का निधन कई वर्ष पूर्व हो चुका है। गर्मी की छुट्टियों में वह अपनी मां के साथ ननिहाल गई थी, जहां उसकी जान-पहचान मैनपुरी चौराहा निवासी अरुण कुमार कठेरिया से हुई। दोनों के बीच प्रेम संबंध स्थापित हो गए।

बताया जाता है कि शुक्रवार को युवती अपने प्रेमी के साथ शिकोहाबाद स्थित घर पहुंची थी। परिजनों को युवती के घर से जाने की जानकारी मिलने पर उन्होंने पुलिस से शिकायत की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने युवती की तलाश शुरू कर दी। देर रात सूचना मिलने पर पुलिस दोबारा मोहल्ला पड़ाव स्थित घर पर पहुंची, जहां दोनों मौजूद थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुलिस को देखकर दोनों घबरा गए और कुछ ही क्षणों में उन्होंने अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। आग की लपटें उठते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिसकर्मियों ने तत्काल लकड़ी का गेट तोड़कर दोनों को बाहर निकाला और आग बुझाकर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को गंभीर हालत में आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। शनिवार सुबह उपचार के दौरान खुशी शर्मा ने दम तोड़ दिया। युवती की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं युवक का उपचार जारी है और उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

मोहल्ले के लोगों का कहना है कि रात करीब 10 बजे युवती अपने प्रेमी के साथ घर पहुंची थी। कुछ देर बाद घर के अंदर से झगड़े और चीख-पुकार की आवाजें सुनाई देने लगीं। पड़ोसियों के मुताबिक दोनों के बीच कहासुनी और मारपीट भी हुई थी। इसी दौरान पुलिस के पहुंचने पर युवती घर के अंदर भागी और थोड़ी देर बाद दोनों आग की चपेट में आ गए।

## वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसो. का छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित




**फिरोजाबाद।** एसएसपी आदित्य लांग्हे के मार्गदर्शन एवं वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसो. की स्थानीय अध्यक्षा पत्नी एसएसपी फिरोजाबाद के निर्देशन में शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन फिरोजाबाद में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस परिवार के उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने हाईस्कूल परीक्षा में 90 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि अर्जित की है। मेधावी बच्चों को प्रशस्ति एवं सम्मान प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई तथा उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारीगण कर्मचारीपुलिस परिवार के सदस्य तथा अन्य छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस परिवार के बच्चों में शैक्षिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें उच्च लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा।

## अंजना फाउंडेशन ने 50 क्षय रोगियों को वितरित की पोषण सामग्री

**मथुरा।** प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनपद मथुरा में संचालित 100 दिवसीय सघन टीबी खोज अभियान को जनसहभागिता का निरंतर सहयोग मिल रहा है। इसी क्रम में अंजना फाउंडेशन पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जिला क्षय रोग केंद्र, मथुरा पर 50 क्षय रोगियों को पोषण सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान मरीजों को पौष्टिक आहार के महत्व की जानकारी देते हुए नियमित उपचार और बेहतर पोषण के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंजना फाउंडेशन पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. दीपक चतुर्वेदी ने कहा कि टीबी उन्मूलन केवल स्वास्थ्य विभाग का नहीं बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। टीबी मरीजों को समय पर दवा और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनका मनोबल बढ़ाना भी आवश्यक है। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों, उद्योगपतियों, व्यापारियों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों से आगे आकर निक्षय मित्र बनने और अधिक से अधिक क्षय रोगियों को गोद लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने की आवश्यकता है। जब समाज और सरकार मिलकर कार्य करेंगे तभी टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि संस्था भविष्य में भी जरूरतमंद क्षय रोगियों को पोषण सहायता एवं अन्य सहयोग उपलब्ध कराती रहेगी, जिससे मरीज उपचार पूरा कर स्वस्थ जीवन की ओर लौट सकें। संस्था की ओर से क्षय रोगियों से अपील की गई कि वे समय पर दवा का सेवन करें, चिकित्सकों की सलाह का पालन करें तथा पौष्टिक आहार को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। उचित पोषण, नियमित दवा और सकारात्मक सोच के माध्यम से टीबी को पूरी तरह हराया जा सकता है। मरीजों से कहा गया कि वे स्वस्थ होकर राष्ट्र के विकास एवं स्वस्थ भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संजीव यादव ने संस्था द्वारा किए गए इस पुनीत कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 100 दिवसीय अभियान के दौरान टीबी मरीजों की सक्रिय खोज, जांच एवं उपचार के साथ-साथ पोषण सहायता भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## संस्कृत भारती के आवासीय प्रबोधन वर्ग का शुभारंभ



● उत्तराखंड, मेरठ और ब्रजप्रांत के 100 से अधिक प्रशिक्षणार्थी ले रहे हैं भाग

**मथुरा।** संस्कृत भाषा को जनसाधारण की भाषा बनाने के उद्देश्य से संस्कृत भारती पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के 05 से 17 जून तक चलने वाले 12 दिवसीय आवासीय प्रबोधन वर्ग का श्रीकृष्णचंद्र गांधी सरस्वती विद्यामंदिर इण्टर कालेज में वैदिक विधि विधान के साथ शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विश्व हिन्दू परिषद ब्रजप्रांत अध्यक्ष एवं प्रमुख उद्योगपति व समाजसेवी कन्हैयालाल अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि जसवंत सिंह भदौरिया ग्रुप के चेयरमैन वरिष्ठ समाजसेवी एवं शिक्षाविद् डॉ हरिकृष्ण भदौरिया ने संस्कृत भाषा को ज्ञान विज्ञान की भाषा बताते हुए कहा संस्कार और संस्कृति की जननी है संस्कृत भाषा उन्होंने कहा संस्कृत भारती का संस्कृत भाषा को जनसाधारण की भाषा बनाने का प्रयास अत्यंत सराहनीय है।कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृत भारती ब्रजप्रांत न्यास अध्यक्ष ओमप्रकाश बंसल ने की। इस अवसर पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र संगठन मंत्री देवेन्द्र पंड्या ने संस्कृत भारती के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए प्रशिक्षण वर्ग की विशेषताओं से अवगत कराया उन्होंने बताया कि 12 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग उत्तराखंड, मेरठ, व ब्रजप्रांत के प्रशिक्षणाथीर्यों के लिए आयोजित किया गया है जिसमें 100 से अधिक प्रशिक्षणार्थी भाग ले रहे हैं। यह सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात अपने अपने प्रांतों में संस्कृत भाषा का घर घर प्रचार प्रसार करेंगे। प्रबोधन वर्ग को व्यवस्थित सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रमुख समाजसेवी ब्रजेश शर्मा को वर्गाधिकारी बनाया गया। इस अवसर पर संस्कृत भारती ब्रजप्रांत अध्यक्ष श्रीमती तुलसी देवी ने संस्कृत भाषा को सभी भाषाओं की जननी बताया उन्होंने कहा वर्तमान में विश्व के अनेक देशों में संस्कृत भाषा के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है। ब्रजप्रांत मंत्री डॉ धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल ने अतिथियों का परिचय दिया। संस्कृत भारती मथुरा जनपद अध्यक्ष आचार्य ब्रजेन्द्र नागर, उपाध्यक्ष आचार्य मुरलीधर चतुर्वेदी, हरस्वरुप यादव, प्रधानाचार्य विनय सिंह, राजीव पाठक, प्रदीप श्रीवास्तव संपर्क प्रमुख संदीप चैधरी, सुभाष सैनी, राधाकांत, डा जमुना शर्मा, कविता सक्सेना आदि ने अतिथियों को श्रीफल व अंगवस्त्र भेट कर सम्मानित किया। ब्रजप्रांत सहमंत्री गौरव गौतम ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत भारती विभाग संयोजक श्यामसुंदर शर्मा ने किया। उद्घाटन समारोह का समापन कल्याणमंत्र के साथ किया गया।

## होटल एसोसिएशन ने खाद्य सुरक्षा विभाग के साथ मनाया विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस

**फिरोजाबाद/टूंडला।** होटल एसोसिएशन की ओर से वर्ल्ड फूड सेफ्टी दिवस की पूर्व संध्या पर टूण्डला स्थित शिव कृपा होटल पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सहायक आयुक्त खाद्य-2 चन्दन पाण्डेय को आमंत्रित किया गया था। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 07 जून 2018 को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस घोषित किया था, जिसका उद्देश्य जन-जन को सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराना है। इस क्रम में वर्तमान वर्ष में फूड सेफ्टी दिवस की थीम समाधान की ओर है, जिसमें सभी को सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराना तय किया गया है। कार्यक्रम की रुपरेखा सर्वप्रथम डा० अनिल यादव खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत की गयी, उन्होनें बताया कि फूड सेफ्टी के अभाव में कौन-कौन सी बीमारियां प्रमुख रुप से होती हैं, कई बार बीमारी नहीं होने की दशा में फूड सेफ्टी के अभाव से लोगों की कार्यक्षमता पर विपरीत प्रभाव होता है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद वर्मा ने होटल एसोसिएशन को आवाहन किया कि फूड सेफ्टी का संकल्प लिये बिना हम खान-पान को बेहतर नहीं बना सकते। सहायक आयुक्त (खाद्य)-2 फिरोजाबाद, चन्दन पाण्डेय ने अपने अतिथि संबोधन में बताया कि होटल एसोसिएशन यदि ठान ले तो फिरोजाबाद का नक्शा बदला जा सकता है। खान-पान की गुणवत्ता व फूड सेफ्टी कल्चर होटल रेस्टोरेन्ट और कैटरर पर ही निर्भर करता है, उन्होंने विभाग के आगामी कार्यक्रमों जैसे हाइजिन रेटिंग, रीयूज्ड कुकिंग ऑयल के बारे में भी विस्तार से बताया साथ ही भविष्य में होटल रेस्टोरेन्ट कैटरर हेतु बडे प्रशिक्षकों को आमंत्रित कर प्रशिक्षण दिलाये जाने के विषय पर अवगत कराया। कार्यक्रम में होटल जलसा से प्रतीक पैराडोर होटल से प्रतिनिधि, शिवकृपा से राठौर होटल क्लार्क से प्रतिनिधित खाद्य सुरक्षा विभाग से खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा० अनिल यादव, डा० सूरज रमेश चन्द्र संदीप कुमार उमेश कुमार विनोद वर्मा अरुण कुमार आदि शामिल रहे।

## मानसी गंगा में नहाने गये दो किशोरों की डूबने से मौत

**मथुरा।** जिले के गोवर्धन क्षेत्र में शनिवार सुबह पवित्र मानसी गंगा कुंड में नहाने गए दो किशोरों की डूबने से मौत हो गई। दोनों किशोर परिवार के साथ गोवर्धन परिक्रमा करने आए थे। यह जानकारी पुलिस ने दी। थाना प्रभारी भगवत सिंह गुर्जर ने बताया कि अधिक मास के दौरान परिक्रमा लगाने के उद्देश्य से आगरा के पिनाहट से आए श्रद्धालुओं के दल में दो किशोर मनीष (14) व प्रिंस (15) भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि इन श्रद्धालुओं ने रात में परिक्रमा लगाई और सुबह दिन निकलते ही मानसी गंगा (कुण्ड) में स्नान के लिए पहुंच गए। तभी मनीष गहरे पानी में फिसल कर डूबने लगा तो प्रिंस भी उसे बचाने के चक्कर में गहरे पानी की ओर चला गया। उन्होंने बताया कि उनके नहीं दिखने पर परिजनों ने पुलिस को सूचित किया तो पुलिस, स्थानीय गोताखोरों और एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। करीब एक घंटे बाद एक किशोर का शव बरामद कर लिया गया, जबकि दूसरे का शव भी सुबह 10 बजे मिल गया। उन्होंने बताया कि दोनों किशोर मौसेरे भाई थे और उनकी मौत से परिजन गहरे सदमे में हैं। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## ग्राम पंचायत इटौरा में ग्राम चौपाल आयोजित

**फिरोजाबाद।** डीएम संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता और सीडीओ शत्रोहन वैश्य की गरिमामयी उपस्थिति में ग्राम पंचायत इटौरा में एक भव्य ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल का मुख्य उद्देश्य जिला प्रशासन आपके द्वार मुहिम के तहत ग्रामीणों की समस्याओं को उनके बीच जाकर सुलझाना और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुँचाना रहा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों ने अपनी-अपनी योजनाओं के स्टॉल लगाये, जहाँ योजनाओं से वंचित लाभार्थियों को मौके पर ही लाभान्वित किया गया। डीएम ने गांव में सोशल सेक्टर की प्रगति की सराहना की और उन्होंने कहा कि गांव में पेंशन योजना 209 लोगों को निरंतर पेंशन का लाभ मिल रहा है। इसी तरह आयुष्मान भारत अब तक 853 लोगों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। चौपाल के दौरान भी 9 नए लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड दिए गए तथा 59 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

जबकि गांव में 720 शौचालयों का निर्माण कराया जा चुका है।वहीं गांव में 17 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है, जो महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहे हैं।

चौपाल के दौरान बताया गया कि ग्राम पंचायत इटौरा अपने उत्कृष्ट कार्यों के लिए मुख्यमंत्री जी के हाथों पहले ही पुरस्कृत हो चुकी है। डीएमने गांव की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस चौपाल को ग्रीन चौपाल और इस गांव को ग्रीन गांव के रूप में घोषित किया। डीएम ने इस दौरान निर्देश दिए कि जिन लोगों के, विशेषकर 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, वे अनिवार्य रूप से अपने कार्ड बनवा लें।साथ ही उन्होंने सभी किसानों से अपील की गई कि वे अपनी फार्मर रजिस्ट्री जरूर करा लें, ताकि उन्हें किसान सम्मान निधि का लाभ बिना किसी बाधा के मिलता रहे। शासन द्वारा 5 जून से 21 जून के बीच चलाए जा रहे विशेष कार्यक्रम के तहत छूटे हुए सभी पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ा जाएगा। जिलाधिकारी ने किसानों को खेतों में रासायनिक खादों केमिकल का प्रयोग कम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि केमिकल मिट्टी की उर्वरा शक्ति को नष्ट करता है, इसलिए बेहतर स्वास्थ्य और भूमि की लंबी उम्र के लिए प्राकृतिक कृषि को अपनाएं। ग्रामीणों से भावुक अपील करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लोग 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत न केवल पौधा लगाएं, बल्कि एक संतान की तरह उसकी देखभाल भी करें। चौपाल में ग्रामीणों द्वारा खतौनी में त्रुटि अंश निर्धारण, चकरोड या तालाब पर अवैध कब्जे तथा पेयजल की समस्या जैसी शिकायतें डीएम के समक्ष रखी गईं। इन पर कड़ा रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समय सीमा के भीतर निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल की समस्या पर विशेष रूप से कहा कि गांव में 6.7 किमी की पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है, अतः इस समस्या को शीघ्र ही पूरी तरह दूर कर दिया जाएगा।

## गोवर्धन परिक्रमा मार्ग व मानसी गंगा, राधाकुंड का डीएम-एसएसपी ने किया निरीक्षण

**मथुरा।** पावन अधिकमास के दृष्टिगत डीएम चंद्र प्रकाश सिंह एवं एसएसपी श्लोक कुमार ने संयुक्त रूप से तहसील गोवर्धन स्थित विश्व प्रसिद्ध राधाकुण्ड, मानसी गंगा तथा गोवर्धन परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया। डीएम ने राधाकुंड पर बैरियर एवं बैरिकेडिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं, पर्यटकों, दर्शनार्थियों एवं परिक्रमार्थियों की सुविधाओं हेतु पी0ए0 सिस्टम से निरंतर अनाउंसमेंट करते रहे। डीएम ने उप जिलाधिकारी गोवर्धन सुशील कुमार सिंह को निर्देश दिए कि राधाकुंड पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तैनाती की जाए, जो 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिफ्टवार ड्यूटी लगाए तथा सुनिश्चित करे कि श्रद्धालुओं को कोई भी असुविधा का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने राधाकुंड में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं से वार्ता की तथा सुविधाओं की जानकारी ली। डीएमने प्रकाश, पेयजल, सुरक्षा, स्वास्थ्य आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने राधाकुंड में स्नान करने आए लोगों की सुविधा हेतु लगाई गई चेन को स्वयं खींचकर देखा। मानसी गंगा के निरिक्षण के दौरान डीएम ने परिसर में स्थापित स्वास्थ्य कैंप के अधिकारियों से स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य कैंप में एक बड़ा बैनर लगाए, जिसमें स्वास्थ्य कैंप लिखा होना चाहिए, जिससे श्रद्धालुओं को ढूंढने में दिक्कत न हो। उन्होंने मानसी गंगा एवं मंदिर परिसर में लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि सभी कैमरे संचालित स्थिति में होने चाहिए। निरीक्षण में डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार, उप जिलाधिकारी गोवर्धन सुशील कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर संजय सिंह, क्षेत्राधिकारी गोवर्धन अनिल सिंह, तहसीलदार गोवर्धन बृजेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रतिदिन योग, भगाएग रोगः बृजभूमि को योगमयी बनाने के लिए तैयार आयुष मास्टर ट्रेनर्स



**मथुरा।** आयुष विभाग, मथुरा स 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस योगा फॉर हैल्थी एजिंग थीम के लक्ष्य को सफल बनाने के लिए आयुष विभाग हर संभव प्रयास में जुटा हुआ है। 21 जून 2026 एवं 15 से 21 जून, 2026 को जनपद की समस्त तहसील, ब्लॉक, ग्राम पंचायत स्तर पर भव्य आयोजन किया जाना है जिसमें प्रत्येक मथुरावासी को योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ आयु का महत्व समझाते हुए सही प्रकार से योगाभ्यास कराया जाएगा। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 डिगम्बर सिंह के दिशा निर्देशन साथ ही अखिलेश कुमार विश्वकर्मा-जिला कार्यक्रम प्रबंधक आयुष के मार्ग दर्शन में मास्टर ट्रेनर्स तैयार किये गए हैं, जिससे सही प्रकार से योगाभ्यास का प्रशिक्षण दिया जा सके स जिला स्तरीय आयुष विभाग के अधिकारी ने मास्टर ट्रेनर्स को दिशा निर्देश दिए कि उनके प्रशिक्षण में जनपद के प्रमुख स्थलों तथा तहसीलों, ग्राम पंचायतों आदि में अधिक से अधिक बृजवासियों को योग के प्रति जागरूक करें साथ ही 21 जून 2026 को अपने-अपने निर्धारित स्थलों पर पहुंचकर भागीदारी भी सुनिश्चित करें।

## डीएम और एसएसपर ने सुनीं शिकायतें 6 का किया मौके पर निस्तारण

**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह एवं एसएसपी श्लोक कुमार ने तहसील गोवर्धन के सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना। डीएम ने प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के नियमानुसार त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। गोवर्धन तहसील समाधान दिवस के मौके पर डीएम ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य जनसमस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान करना है। डीएम ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर जन समस्याएं सुने। उक्त कार्य में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसामान्य की शिकायतों को एक-एक कर सुनते हुए डीएमने शिकायत से सम्बंधित विभागीय अधिकारी को मौके पर बुलाकर तत्काल निस्तारित करने या भूमि विवाद/अन्य किसी विवाद की स्थिति में शिकायतकर्ता सहित सभी पक्षों की उपस्थिति में मौके का स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस/ तहसील दिवस में कहा कि जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है। कोई भी फरियादी तहसील दिवस या किसी भी कार्यालय से निराश होकर नहीं जाना चाहिए। उप जिलाधिकारी गोवर्धन सुशील कुमार सिंह ने अवगत कराया कि गोवर्धन तहसील में 56 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। एसडीएम मांट दीपिका मेहर ने बताया है कि मांट तहसील में 57 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया है। एसडीएम महावन ऊषा सिंह ने अवगत कराया है किसमाधान दिवस के दौरान तहसील महावन में 55 शिकायतें प्राप्त हुईं।

# 35 शिकायतों में 15 का किया मौके पर निस्तारण



**फिरोजाबाद।** शासन की मंशा अनुरूप जन समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सदर फिरोजाबाद में किया गया, इस अवसर पर डीएम संतोष कुमार शर्मा एसएसपी आदित्य लांग्हे सीडीओ शत्रोहन वैश्य एसपी सिटी और समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहें, इस दौरान राजस्व पुलिस खाद्य, शिक्षा नगर पंचायत इत्यादि से संबंधित शिकायत प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए,इस मौके पर 135 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 15 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष बची शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए डीएम ने गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

इस दौरान डीएम इस बात पर बेहद नाराज दिखे कि समाधान दिवस पर कई महत्वपूर्ण अधिकारी अनुपस्थित है, डीएम ने अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए, साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि समाधान दिवस में किसी भी विभाग के प्रतिनिधि अधिकारी को तब तक अनुमति नहीं दी जाएगी, जब तक मुख्य विभागीय अधिकारी ने पहले से अवकाश स्वीकृत न कराया हो। साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक आई उन शिकायतों का पुनः परीक्षण किया जाए, जिनमे असंतोषजनक फीडबैक मिला है, ताकि शिकायतकर्ता को पुनः परेशान न होना पड़े, भीषण गर्मी को देखते हुए विकास खण्डों और नगर निकायों की गौशालाओं में गौवंश को लू से बचाने के इंतजाम किए जाएं। साथ ही सभी सरकारी कार्यालय में आने वाले नागरिकों के लिए बैठने के लिए छाया और ठण्डे पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की जाए।

डीएम ने कहा कि 5 से 31 जून के बीच चल रहे कार्यक्रमों को जनहितैषी बनाया जाए, साथ ही समस्त विकास खण्डों में तीन दिवसीय 14 से 16 जून विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया जाए, जिसमें उन लोगों को चिन्हित किया जाए, जो अब तक जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह गए हैं तथा उन्हें इसका लाभ दिलाया जाए, सीएमओ डॉ. राम बदन राम को डीएम ने निर्देशित किया कि पर्याप्त डॉक्टरों के साथ हेल्थ कैंप लगाए। डीएम ने भूमाफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आदेश दिया, उन्होंने कहा पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर 7 दिवस में जांच कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। एक शिकायतकर्ता सुनील कुमार द्वारा ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों में भारी वित्तीय अनियमित्ता और सरकारी धन के गबन में शिकायत दर्ज कराई, जिस परडीएम ने बीध्डीओ फिरोजाबाद को 7 दिवस के भीतर मामले की विस्तृत जांच कर आख्या प्रस्तुत करने का आदेश दिये।

## बिना टिकट यात्रियों पर कड़ा एक्शन, एक ही दिन में वसूला 17.57 लाख से अधिक का जुर्माना

**मथुरा।** आगरा रेल मंडल द्वारा यात्रियों को बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा से रोकने तथा रेलवे राजस्व के संरक्षण के उद्देश्य से एक बड़ा कदम उठाया गया है। मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) गगन गोयल के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अंकित गुप्ता के मार्गदर्शन में पूरे मंडल में एक दिवसीय विशेष सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस अचानक हुई कार्रवाई से समूचे मंडल में बिना टिकट और अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों में पूरे दिन हड़कंप मचा रहा। यह व्यापक अभियान सहायक वाणिज्य प्रबंधक संजय गौतम, संजीव कुमार जाटव तथा मंडल वाणिज्य निरीक्षक आर के सिंह के नेतृत्व में संचालित किया गया। चेकिंग को प्रभावी बनाने के लिए मंडल के विभिन्न महत्वपूर्ण स्टेशनों, ट्रेनों और रेलवे परिसरों में सघन जांच की गई। अभियान के दौरान मुख्य रूप से विजय सिंह मीना (सीटीआई आगरा), नागेन्द्र तिवारी (सीटीआई मथुरा जंक्शन), संजय वर्मा (सीटीआई आगरा किला), बी एल चैधरी (सीटीआई ईदगाह आगरा), बलजीत सिंह एवं गुलजार मोहम्मद (एसटीएफ प्रभारी) सहित समस्त डिपो प्रभारियों और टिकट जांच स्टाफ की टीमों ने मोर्चा संभाला। टिकट जांच टीमों द्वारा की गई मुस्तैद कार्रवाई में कुल 2,699 यात्रियों/मामलों को पकड़ा गया, जिससे रेलवे अधिनियम के तहत कुल 17,57,795 (सत्रह लाख सत्तावन हजार सात सौ पिच्चानवे रुपये) का राजस्व वसूला गया। बिना टिकट यात्री 1,058 यात्रियों से 9,29,675 का जुर्माना तथा अनियमित यात्री 1,460 यात्रियों से 8,09,570 की रकम वसूली एवं अन्य मामले (बिना बुक सामान/धूम्रपान/गंदगी) 181 मामलों में कुल 18,550 का जुर्माना वसूला गया।

संक्षेप

## आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि का 10 अगस्त को होगा दीक्षांत समारोह

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय सभागार में विद्वत परिषद की बैठक आयोजित की गई। नियुक्ति के बाद कुलपति डा. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने पहली बार इस बैठक का नेतृत्व किया। बैठक में परिषद के सभी सदस्य मौजूद रहे और कई मुद्दों पर विचार विमर्श कर सहमति प्रदान की गई। कृषि विश्वविद्यालय में आगामी 10 अगस्त को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह के परिधान को लेकर चर्चा की गई। इस बार के दीक्षांत समारोह में विद्वत एवं प्रबंध परिषद के सभी अध्यक्ष एवं सदस्य क्रीम कलर की धोती, कुर्ता और सदरी में रवभारतीय परिधान, में नजर आएंगे। इस दीक्षांत समारोह की एक अलग खास बात यह होगी कि इस बार महिला सदस्य बंगाल की क्रीम और लाल बॉडर वाली सिल्क साड़ी में नजर आएंगी। कृषि विवि में एग्री टूरिज्म के तहत आने वाले पर्यटकों के भोजन, ठहरने एवं अन्य सुविधाओं पर चर्चा हुई। इसके अलावा डिप्लोमा कोर्स, ऑनलाइन कोर्स और पिछले 10 वर्षों के प्रश्न पत्रों को लाइब्रेरी में रखे जाने पर भी चर्चा हुई।

# समाधान दिवस में डीएम-एसएसपी ने सुनी फरियाद



**सोहावल-अयोध्या।** तहसील समाधान दिवस पर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने तहसील मे आए लगभग 243 शिकायत कताओं की एक एक कर शिकायततें सुनीं। सुनवाई

- जिलाधिकारी ने 31 शिकायतों का तत्काल करवाया गया निस्तारण

के दौरान ही डीएम ने त्वरित कार्यवाही की मिशाल कायम करते हुए लगभग 31 शिकायत का तत्काल निस्तारण करवाया। जिलाधिकारी से फरियाद करने वालों की सुबह से ही लगी लंबी कतार लगी रही। पर्ची काउंटर पर भी भीड़ की लम्बी लाइन लगी रही।जिसके चलते कुछ फरियादी वापस होने को विवश हुए। जिलाधिकारी समय से आधा घंटा बाद भी शिकायतें सुनते रहे।कानून व्यवस्था से संबधित मामलों को स्वयं वरिष्ठ पुलिस डा. गौरव ग्रोवर ने सभी शिकायत को सुनने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी । जन समस्याओं की सुनवाई करने से यहां मौजूद फरियादियों में न्याय की उम्मीद जगी। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी देवेंद्र कुमार भिटौरिया, तहसील दार प्रदीप कुमार सिंह, एस डी एम न्यायिक पूर्णिमा सिंह, नायब तहसीलदार रेशू जैन, नायब तहसीलदार मसौधा इन्द्र भूषण यादव, अधिशाषी अधिकारी आरती श्रीवास्तव, सीएचसी प्रभारी आकांक्षा वर्मा, खण्ड शिक्षा अधिकारी रविता राव, सीडीपीओ डा. अनीता सोनकर, आपूर्ति निरीक्षक पूजा सिंह, रौनाही प्रभारी निरीक्षक रौनाही लाल चंद सरोज सहित समस्त तहसील एवं संबधित विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### मिल्कीपुर में राजस्व विवाद, भूमि कब्जा की भरमार

मिल्कीपुर-अयोध्या।शनिवार को तहसील दिवस का आयोजन किया गया राजस्व विवाद, भूमि कब्जा, सीमांकन, राहत अनुदान और प्रशासनिक लापरवाही से जुड़े मामलों की भरमार रही। मिल्कीपुर तहसील में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमित कुमार भट्ट, उपजिलाधिकारी सुधीर कुमार, क्षेत्राधिकारी पियूष पाल तथा तहसीलदार ने लोगों की समस्याएं सुनीं।

समाधान दिवस में रेवना पूरे तारावती गांव की 92 वर्षीय सीता देवी ने शिकायत दर्ज कराई कि उनकी चकबंदी की भूमि गाटा संख्या 809 पर कुछ लोग आबादी की जमीन बताकर जबरन कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में भूमि की पैमाइश और खूंटा गाड़ने की कार्रवाई हो चुकी है, लेकिन विपक्षियों ने खूंटे उखाड़ दिए। इनायतनगर थाना क्षेत्र के सागर पट्टी निवासी दिव्यांग हरेंद्र कुमार ने आरोप लगाया कि उनकी भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिससे खेत तक पहुंचने का रास्ता बंद हो गया है। उन्होंने दो वर्षों से लगातार शिकायत करने के बावजूद कार्रवाई न होने की बात कही।

ग्राम पंचायत पलिया मुतलके कुचेरा के प्रधान प्रतिनिधि विजय सिंह ने लेखपाल दिनेश पांडे पर विकास कार्यों और सरकारी भूमि के सीमांकन में लापरवाही का आरोप लगाया। मामले को गंभीर मानते हुए एडीएम ने संबंधित लेखपाल को तत्काल ग्राम पंचायत से हटाने के निर्देश दिए। ईंट गांव निवासी धन प्रताप सिंह ने अग्निकांड पीड़ित परिवारों को तीन माह बाद भी राहत अनुदान न मिलने की शिकायत की। इस पर एसडीएम ने राजस्व निरीक्षक और लेखपाल को नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। एडीएम अमित कुमार भट्ट ने बताया कि समाधान दिवस में सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित प्राप्त हुईं। उन्होंने कहा कि आगामी समाधान दिवसों में बुजुर्गों, दिव्यांगों, महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग काउंटर स्थापित किए जाएंगे। साथ ही 30 प्रकरणों के निस्तारण के लिए 30 टीमों का गठन कर जांच के निर्देश दिए गए हैं।



## परमिट शर्तो का उल्लंघन मिलने पर 25 अनधिकृत डग्गामार का चालान, वसूला लगभग 5 लाख जुर्माना



**बाराबंकी।** सड़क सुरक्षा नियमो का उल्लंघन करने वालो के खिलाफ परिवहन विभाग ने वृहद स्तर पर अभियान चलाया। इस दौरान वाहनो के दस्तावेजो की जांच की गई। तथा उल्लंघन मिलने पर चालान कर जुमार्ना लगाया गया। अभियान की जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अमिताभ राय ने बताया कि यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने आज लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर चेकिंग के दौरान दिल्ली से गोरखपुर, दिल्ली से बिहार की ओर जा रही अनाधिकृत डग्गामार वाहनो के दस्तावेजो की जांच की। जांच के दौरान परमिट शर्तो का उल्लंघन मिलने पर 25 वाहनो का चालान कर लगभग 5 लाख जुमार्ना किया। इसके साथ ही रांग साइड, बिना हेलमेट, सीटबेल्ट, एचएसआरपी, मोबाइल फोन का प्रयोग, रेटो रिफ्लेक्टर टेप का उल्लघन मिलने पर 60 वाहनो के भी चालान किये गये।

## हाकी ट्रेनीज सम्प्रीत टोप्पो का झांसी स्पोर्ट्स हॉस्टल में चयन



**बाराबंकी।** खिलाड़ी में अगर कुछ करने की लगन हो तो मेहनत कभी बेकार नहीं जाती है। कुछ ऐसा ही जनपद के बंकी निवासी हाकी ट्रेनीज सम्प्रीत टोप्पो ने झांसी स्पोर्ट्स हॉस्टल में चयनित होकर जनपद का नाम रोशन कर दिखाया है। तत्कालीन क्रीड़ा अधिकारी हॉकी कोच नीलम सिद्दीकी की देख रेख मे हाकी खिलाड़ी ने अपनी मेहनत के दम पर झांसी स्पोर्ट्स हॉस्टल में अपना स्थान बनाया। जिसकी सूचना मिलने पर आज हॉकी कोच विवेक सिंह, हॉकी एसोसिएशन के सचिव मजहर अजीज खां सहित पदाधिकारियो ने खिलाडी सम्प्रीत टोप्पो को फूल माला पहनाकर बधाई दी। बधाई देने वालो मे मोहम्मद असलम, अंजू अवस्थी, जमीरुल हसन, हॉकी अंपायर अभिषेक सिंह, चंदा रानी मौजूद रहे।

## सीसीटीवी से लैस होंगे कृषि विवि के सभी छात्रावासः डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह

अयोध्या। कालिंदी छात्रावास में छात्र की संदिग्ध मौत के बाद कृषि विवि के कुलपति डा. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह का सख्त रूख देखने को मिला। उन्होंने कृषि विश्व विद्यालय के एग्री बिजनेस मैनेजमेंट के प्रेक्षागृह में समस्त छात्रावास, सह छात्रावास अधीक्षक एवं विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ संवाद किया और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान का निर्देश दे दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इससे पूर्व कुलपति ने लगभग आधा दर्जन से अधिक छात्रावासों का भ्रमण कर वहां की खामियों को भी देखा। भ्रमण के दौरान कुलपति ने छात्र-छात्राओं के साथ बातचीत भी की। संवाद के दौरान उन्होंने समस्त छात्रावास अधीक्षक को नसीहत दिया कि वे प्रत्येक छात्रावासों में रोजाना कम से कम दो घंटे काउंसिलिंग (बच्चों से बातचीत) करें। छात्र-छात्राओं की शिकायतें दर्ज करने के लिए शीघ्र ही ईमेल उपलब्ध कराने, सिंगल विंडो सिस्टम तैयार करने व छात्रावासों का ऑनलाइन मॉनीटरिंग सिस्टम डेवलप करने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्रावासों में शिकायती लेटर बॉक्स बनाए जाएंगे। यही नहीं कुलपति ने सभी छात्रावासों में तत्काल प्रभाव से सीसीटीवी कैमरा लगाने का भी निर्देश दे दिया है। इसके अलावा कुलपति ने छात्रावासों की मरम्मत के साथ-साथ पानी की समस्या टंगी की सफाई, सोलर पैनल और प्लेसमेंट सेल को बढ़ावा देने के दिशा-निर्देश दिए। संवाद के दौरान कुलपति के सचिव डॉ. जसवंत सिंह, निदेशक प्रशासन डॉ सुशांत श्रीवास्तव, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. डी. नियोगी मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस




**बाराबंकी।** जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये जाने को लेकर तहसील सिरौलीगौसपुर स्थित पारिजात सभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता मे सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ।

जंहा जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुये कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता पर करने तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता न बरतने को लेकर निर्देशित किया। तो वही जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य का संदेश भी दिया। आयोजित समाधान दिवस मे तहसील नवाबगंज में 236 प्रार्थना पत्र मे 25, तहसील सिरौलीगौसपुर में 57 प्रार्थना पत्रों में 13, तहसील रामसनेहीघाट में 72 में 9, तहसील रामनगर में 121 में 7, तहसील फतेहपुर में 32 में 4, तहसील हैदरगढ़ में 74 में 4 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, उपजिलाधिकारी अनिल सरोज सहित जनपद के समस्त जिला स्तरीय अधिकारी शामिल रहे।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस संपनन

**बहराइच ।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रत्येक माह के प्रथम और तीसरे शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए।डीएम श्री त्रिपाठी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाये। डीएम ने कहा कि निस्तारण की कार्यवाही इस प्रकार की जाय कि फरियादी निस्तारण की कार्यवाही से संतुष्ट हो सके।

इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 66 में 05, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में 87 में 02, कैसरगंज में 118 में 12, पयागपुर में 118 में 07, महसी में 102 में 05, तथा तहसील नानपारा में प्राप्त 66 प्रार्थना-पत्रों में से 07 का निस्तारण मौके पर किया गया।

## मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



**बहराइच ।** पुलिस मुख्यालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं रवामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशनर के तत्वावधान में दि रिजर्व पुलिस लाइन, बहराइच में *पुलिस अधीक्षक बहराइच श्री विश्वजीत श्रीवास्तव* के निर्देशन में पुलिस परिवार के मेधावी बच्चों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में सेवारत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उन प्रतिभाशाली बच्चों का उत्साहवर्धन करना था, जिन्होंने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में 90 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि अर्जित की है। कार्यक्रम का आयोजन *वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्षा जनपद बहराइच श्रीमती संयुक्ता श्रीवास्तव* के संरक्षण एवं पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ।इस अवसर पर जनपद बहराइच के कुल 04 मेधावी छात्र-छात्राओं को *प्रशस्ति पत्र, हैंड वूवेन टीशर्ट, जूट बैग, कैप, बैज एवं पुरस्कार* प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों में *इंटरमीडिएट वर्ग से अनुष्का यादव, पुत्री उपनिरीक्षक श्री अम्बिका प्रसाद यादव (97.20 प्रतिशत) एवं अभय यादव, पुत्र उपनिरीक्षक श्री ओम प्रकाश यादव (95.50 प्रतिशत) तथा हाईस्कूल वर्ग से कृति, पुत्री आरक्षी श्री अनुज कुमार अग्निहोत्री (97.60 प्रतिशत) एवं अंकित सिंह, पुत्री उपनिरीक्षक श्रीमती कल्पना सिंह (95 प्रतिशत)* सम्मिलित रहे। इन विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन एवं अनुशासन के बल पर उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे पुलिस परिवार एवं जनपद का गौरव बढ़ाया है।

## श्रम मंत्री अनिल राजभर का जनपद आगमन

**बहराइच ।** मंत्री, श्रम, सेवायोजन एवं समन्वय विभाग श्री अनिल राजभर का 06 जून 2026 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। श्री राजभर 06 जून 2026 को अपरान्ह 06:30 बजे राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव राजभर स्मारक स्थल चित्तौरा पहुंचकर स्थानीय भ्रमण करेंगे तथा स्मारक स्थल स्थित अतिथि गृह में रात्रि विश्राम करेंगे। मा. मंत्री श्री राजभर 07 जून 2026 को पूर्वान्ह 09:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक स्मारक स्थल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि आगे का कार्यक्रम बाद में जारी किया जायेगा।

# आईटीआई सिरौलीगौसपुर निर्माण कार्यो का जायजा लेने पहुंचे जिलाधिकारी

### कार्य अगस्त तक पूर्ण कराने के लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के दिये निर्देश

जिला संवाददाता



**बाराबंकी।** जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में विभिन्न निमार्णाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं समयबद्धता का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने लगभग 4.81 करोड़ की लागत से निमार्णाधीन राजकीय

- निर्माणाधीन परियोजनाओं की गुणवत्ता व समयबद्धता से समझौता न करने के कार्यदायी संस्था को निर्देश

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), सिरौलीगौसपुर व परिसर में 294.16 लाख की लागत से निमार्णाधीन आधुनिक कार्यशाला एव प्रशिक्षण कक्ष के अवशेष कार्यों का निरीक्षण कर मौके पर कार्यरत मजदूरों की संख्या का सत्यापन किया। तथा कार्य की प्रगति को देखते हुए कार्यदायी संस्था को श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुये कहा कि भवन निर्माण, आधुनिक प्रशिक्षण कार्यशाला, विद्युत, जलापूर्ति, सैनिटरी तथा अन्य फिनिशिंग कार्यों को बेहतर कार्यकुशलता के साथ निर्धारित तकनीकी मानकों एवं विशिष्टताओं के अनुरूप पूर्ण किया जाए। इससे पूर्व जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय पीठापुर परिसर में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा निर्मित किए जा रहे ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) भवन का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर भवन का शीघ्र हैंडओवर लेकर उसका संचालन प्रारंभ कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर अनिल सरोज सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, कार्यदायी संस्था प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री ने महर्षि बालार्क चिकित्सालय का किया निरीक्षण



**बहराइच ।** राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री दिनेश प्रताप सिंह ने एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी व पदमसेन चैधरी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, महसी के सुरेश्वर सिंह, बलहा की श्रीमती सरोज सोनकर, नानपारा के राम निवास वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय व महामंत्री रणविजय सिंह, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता के साथ महर्षि बालार्क चिकित्सालय बहराइच का औचक निरीक्षण कर चिकित्सालय भवन की साफ-सफाई, चिकित्सालय की ओर से मरीजों व उनके तीमारदारों को उपलब्ध करायी जा रही सेवाओं एवं सुविधाओं का जायजा लिया।प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने इमरजेन्सी, इमरजेन्सी वार्ड, ओ.टी., ओ.पी.डी., डेन्टल ओ.पी.डी., आयुष्मान कार्ड कक्ष, सर्जिकल ओ.पी.डी., मनोरोग ओ.पी.डी. तथा जन औषधि केन्द्र का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री ने वार्डों के निरीक्षण के दौरान मरीजों एवं तीमारदारों से चिकित्सालय द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में फीड बैक भी प्राप्त किया। मरीजों एवं तीमारदारों की ओर कोई भी प्रतिकूल तथ्य प्रकाश में न आने पर मा. मंत्री ने संतोष व्यक्त करते हुए चिकित्सकों को निर्देश दिया कि चिकित्सालय आने वाले सभी मरीजों को शासन की मंशानुरूप सुविधाएं प्रदान की जायें। जन औषधि केन्द्र के निरीक्षण के दौरान मा. मंत्री श्री सिंह ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार को निर्देश दिया कि जन औषधि केन्द्र पर मानक के दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए मरीजों को नार्मस के अनुसार दवाओं का वितरण कराएं जिससे उन्हें इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ मिले सके।

# करोड़ों रुपये मूल्य की नजूल भूमि को जिला प्रशासन ने कराया अतिक्रमण मुक्त



जिला संवाददाता

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में बेशकीमती नजूल की भूमि पर किये गये अवैध कब्जों को लेकर प्रशासन सख्त हो गया है। शनिवार को जिला प्रशासन ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते

- अवैध रूप से संचालित दुकानें, गुमटियां, रेस्टोरेंट एवं बस बुकिंग सेंटर हटाए गए, भवन किया गया सील

हुए करोड़ों रुपये मूल्य की नजूल भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमित कुमार भट्ट ने बताया कि नजूल भूमि गाटा संख्या-4108 मि०, क्षेत्रफल 0.7380 हेक्टेयर (लगभग 79,180 वर्गफुट) पूर्व में पट्टे पर दी गई थी, जिसकी अवधि काफी समय पूर्व समाप्त हो चुकी है। वर्तमान में उक्त भूमि राज्य सरकार के स्वामित्व वाली नजूल भूमि है। उन्होंने बताया कि भूमि के एक हिस्से पर स्थित पुराने भवन को पूर्व पट्टेदार राजकृष्ण मनूचा के वारिसानों द्वारा विद्युत विभाग को किराये पर दिया गया था। हालांकि विद्युत विभाग का अधिकांश कार्यालय अन्यत्र स्थानांतरित हो चुका है और वर्तमान में केवल एक कक्ष में बिलिंग संबंधी कार्य संचालित हो रहा है। जांच में पाया गया कि उक्त सरकारी भूमि पर लगभग एक दर्जन व्यक्तियों द्वारा लकड़ी एवं लोहे की गुमटियां रखकर अवैध रूप से कारखाने, दुकानें, रेस्टोरेंट, मोटर धुलाई केंद्र तथा व्यवसायिक बसों के बुकिंग सेंटर संचालित किए जा रहे थे। इन प्रतिष्ठानों से किराया पूर्व पट्टेदार के वारिसानों द्वारा वसूला जा रहा था। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि विगत माह संबंधित वारिसानों को पट्टे से संबंधित वैध अभिलेख एवं साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए नोटिस दिया गया था, लेकिन उनके द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके उपरांत राजस्व विभाग एवं नगर निगम के प्रवर्तन दल द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर अवैध रूप से संचालित सभी दुकानें, गुमटियां, रेस्टोरेंट, कारखाने, मोटर धुलाई केंद्र तथा बस बुकिंग सेंटर हटवा दिए गए। साथ ही परिसर में बने भवन को सील कर दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संबंधित भूमि पूर्ण रूप से राज्य सरकार की संपत्ति है तथा भविष्य में किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे अथवा अतिक्रमण को किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा सरकारी भूमि की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

# अतिक्रमण के खिलाफ शिकायत करने वाली पीड़िता को 6 वर्ष बाद मिला इंसाफ

जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** अतिक्रमण के खिलाफ आवाज उठाने वाली पीड़ित महिला को आखिरकार 6 साल बाद इंसाफ मिला। प्रशासनिक सहित पुलिस अधिकारियो की चैखट पर फरियाद लगाने के बाद भी इंसाफ न मिलने पर अदालत पहुंची पीड़िता को आखिरकार 6 साल बाद इंसाफ मिला और न्यायालय ने घटना मे शामिल सफेदपोश नामचीन

- दबंग सफेदपोश नेता गुलाम मुस्तफा व सैय्यद मोहम्मद इकराम हुए तलब
- गवाहों के बयान के बाद आरोपियों के खिलाफ न्यायालय ने पारित किया आदेश

हस्तियो को महिला की गरिमा, लज्जा भंग करने, मारपीट करने व गाली गालौज करने के मामले मे तलब किया है। अदालत ने यह फैसला दिनांक 15 जून 2020 को दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुये दिनांक 29 मई 2026 को सुनाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुगार्पुरी निवासिनी पीड़िता व उसके पति सलाम मोहम्मद द्वारा दिनांक 15 जून 2020 को न्यायालय श्रीमान मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी बाराबंकी की कोर्ट मे याचिका दाखिल की थी। और याचिका मे बताया है कि सड़क के रास्ते पर विपक्षी गुलाम मुस्तफा पुत्र अल्ताफ व सैय्यद मोहम्मद इकराम द्वारा अतिक्रमण किया गया था। जिसकी शिकायत उपजिलाधिकारी नवाबगंज को पीड़ित पक्ष द्वारा की गई थी। जिससे नाराज होकर उक्त विपक्षीजन रंजिश रखने लगे। और दिनांक 26 फरवरी 2020 को प्रार्थिनी के घर मे घुसकर



गलत नियत से जबरदस्ती की। मारपीट करते हुये घर मे तोड़फोड़ की। उक्त घटना के दौरान पीड़िता घर पर अकेली थी और उसका पति बाहर था। जिसके बाद पीड़ितजनो ने पुलिस को सूचना दी। लेकिन रसूखदार और मुस्लिम कमेटी के पदाधिकारी होने के मामले को देखते हुये पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की। घटना के बाद पीड़िता व उसके परिवारजन उच्च अधिकारियो से भी मिले। लेकिन रसूखदारो के खिलाफ कोई कार्यवाही नही हुई। जिसके बाद पीड़िता ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और गवाहो के बयान के बाद आखिरकार पीड़िता को अदालत से इंसाफ मिला है।

# प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा

**बहराइच ।** प्रदेश सरकार के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जनपद बहराइच के प्रभारी मंत्री श्री दिनेश प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में विभागवार समीक्षा कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया।बैठक में एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी एवं पदमसेन चैधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर, भाजपा प्रदेष मंत्री षिवभूषण सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, प्रभागीय वनाधिकारी सुंदरेशा, अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी सौरभ दुबे, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रभारी मंत्री ने बैठक के प्रारम्भ में अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया तथा विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। बैठक में मा. मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग, पषुपालन विभाग, उद्यान विभाग, आवास की स्थिति, भवन निर्माण की प्रगति, दिव्यांग पेशन छात्रवृत्ति, आधार सीडिंग प्रकिया पीएम पोषण निधि, दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना निराश्रित महिला पेंशन योजना इत्यादि की भी समीक्षा की गयी। श्री सिंह ने अधिकारियों को प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

